







# नए पुलिस अधिकारी ने कुर्सी संभालते ही शुरू कराया जुआ-हाजरवल्ली का खेल

## मोहन बड़ोदिया क्षेत्र में खुलेआम संचालित हो रहा इक्का मिंडी का खेल, संतरे के बगीचे में देखे जा सकते हैं जुआरी-सटोरी

**शाजापुर। लगता है कि मोहन बड़ोदिया में पुलिस के सरंक्षण में हर वह काम हो रहा है जिसकी मनाही है या कानून की नजर में अपराध है। सूत्र बताते हैं कि मक्सी में वसूली के लिए कुख्यात रहे पुलिस अधिकारी मोहन बड़ोदिया में थानेदार बनते ही सबसे पहले उन्होंने शराब की बंदी बढ़ाई, वाहनों से अवैध वसूली को लेकर रोज का टारगेट फिक्स किया। सूत्र यह भी बताते हैं कि इतने से भी उनकी जेब नहीं भरी तो उन्होंने चौमा में जुआ शुरू करवा दिया। मोहन बड़ोदिया में संतरे के बगीचे में खुलेआम हाजरवल्ली चल रही है। लगता है कि मोहन बड़ोदिया के पुलिस अधिकारी को न तो पुलिस के आला अधिकारियों का डर है और न ही पुलिस की छवि की कोई चिंता है।**

गौरतलब है कि मोहन बड़ोदिया में जिस प्रकार अवैध काम धड़ल्ले से चल रहे हैं उसे देखकर तो ऐसा लगता है कि मोहन बडोदिया में जुआ, सटटा, अवैध वसूली को मानों छूट मिल गई है। मक्सी में अपनी कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा में रहे पुलिस अधिकारी पैसे के लिए इतने बेचैन व व्याकुल दिख रहे हैं कि वे अवैध काम को खुलेआम सरंक्षण देते नजर आ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि बिना खौफ के वे हर वो अवैध काम करवाते हैं जिससे उन्हें पैसा मिले। नवभारत को कुछ ऐसे ही वीडियो मिले हैं जिसमें खुलेआम बिना पुलिस के खौफ के संतरे के बगीचे में हाजरवल्ली जो जुए का ही एक रूप है शुरू करवाया गया है। वहीं दूसरी और चौमा में सूत्रों ने बताया कि यहां बड़े पैमाने पर जुआ संचालित हो रहा है जिसमें पुलिस की पार्टनरी है। अंदाजा लगा सकते हैं कि पुलिस ही जुएं में पार्टनर बन जाए तो अपराधियों में पुलिस का कैसे खौफ होगा।

**स्टॉफ को भी नहीं देते हैं हिस्सा...**

सूत्रों की मानें तो जो भी अवैध वसूली आती है उसकी पूरी रकम नए पुलिस अधिकारी खुद रखते हैं, स्टॉफ वाले को वसूली में से कोई हिस्सा नहीं देते हैं। यही कारण है कि स्टॉफ में भी नए पुलिस अधिकारी की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है। सूत्रों की मानें तो पिछले दिनों भी एक मामले में पचास हजार रूपये की वसूली की थी और स्टॉफ को महज तीन हजार रूपए ही दिए थे। बताया जा रहा है कि यदि समय रहते नए पुलिस अधिकारीको मोहन बड़ोदिया थाने से नहीं हटाया गया तो इनकी कार्यप्रणाली से पुलिस की छवि तो खराब होगी ही सत्ता पक्ष के नेताओं की भी छवि धूमिल होगी, क्योंकि जनता समझ रही है कि पुलिस की अवैध वसूली में नेता भी शामिल हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि नए पुलिस अधिकारी वसूली कर रहे हैं।





मोहन बड़ोदिया में संतरे के बगीचे में सजा हाजरवल्ली और जुआ का अड्डा, रोज लग रहे लाखों के दांव।

### अपराधियों में नहीं रहा पुलिस का खौफ

नए पुलिस अधिकारी की कार्यप्रणाली से लगता है कि वे केवल मोहन बड़ोदिया में इसलिए साहब बने हैं ताकि वे अवैध कामों का सरंक्षण कर सके। अपराधियों व जुआंरियों में पुलिस का डर होना चाहिए था, लेकिन बडोदिया थाना अंतर्गत जिस प्रकार जुए व सटटे की दुकानें सजी हैं उसे देखकर तो ऐसा लगता है कि कुछ दिन बाद हो सकता है कि बड़ोदिया थाने से ही सटटे की बलन बटे और जुआंरी थाने में ही दांव लगाते नजर आएं।

### दिन में सट्टा और हाजरवल्ली रात में जुआ

मोहन बड़ोदिया में दिन में खुलेआम सटटा संचालित हो रहा है। तीन अलग-अलग स्थानों पर तीन खाईवालों द्वारा यह संचालित किया जा रहा है। पेट्रोल पंप के पास संतरे के बगीचे में जुआं व हाजरवल्ली चल रही है। ऐसा लगता है कि मोहन बडोदिया में जुआं, सटटा को कानूनी मान्यता मिल गई है। यहां पर दांव लगाने वाले अन्य जिलों से भी आ रहे हैं।

### नए वीडियो को पुराना बता रहे टीआई

मामले में थाना प्रभारी भीमसिंह पटेल से जब नवभारत ने हाजरवल्ली चलाने के वीडियो पर बात बताई तो उनका कहना था कि हम बंद करा देते हैं, यानें कि इसका मतलब पुलिस की मर्जी से ही चालू हुआ था। बातचीत में तो उन्होंने यह तो स्वीकार किया है कि हाजरवल्ली चल रही है, वहीं दूसरी ओर वे अपनी सफाई में यह भी बोल रहे हैं कि वीडियो पुराना है। हालांकि वीडियो बीती रात का ही है और उनका यह झूठ सच को दबा नहीं सकता है। प्रथम दृष्टया उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि जो चल रहा है उसे हम बंद करा देंगे, अब देखना यह है कि दिखाने के लिए दो या तीन दिन बंद कराकर चालू करा देंगे इसकी पूरी उम्मीद है।

### दारू से दो लाख रूपए का टारगेट फिक्स

मोहन बडोदिया में जो शराब की दुकान है उससे जो बंदी पुलिस को मिलती थी उसको दोगुनी करने का फरमान नए पुलिस अधिकारी ने कुर्सी संभालते ही जारी कर दिया था। सूत्र बताते हैं कि अब मोहन बडोदिया पुलिस दुकान से उन्हें दो लाख रूपये माह की बंदी चाहिए। वहीं वाहनों की चैकिंग के दौरान उन्हें प्रतिदिन दस हजार रूपए की वसूली होने की बात सामने आ रही है। अब देखना यह है कि नए पुलिस अधिकारी के कारण पुलिस की छवि खराब हो रही है, अब उन्हें हटाते हैं या फिर बडोदिया थाने को जुआं, सटटा और वसूली का थाना बनाते हैं।

**इनका कहना है**

*मेरी विधानसभा क्षेत्र में किसी भी थानांतर्गत यदि कोई भी टीआई वसूली, जुआ, सटटा को सरंक्षण देता है तो उसे तत्काल हटाया जाएगा। क्षेत्र में अपराध व अपराधियों पर पुलिस का खौफ होना चाहिए। मोहन बडोदिया का मामला मेरी संज्ञान में आया है, जल्द ही इस पर कार्रवाई की जाएगी।*

***-अरूण भीमावद, विधायक, शाजापुर विधानसभा***

## एक नजर में

### मक्सी में दिखी परंपरा और आस्था की झलक



**मक्सी, 21 मार्च।** मक्सी में अग्रवाल समाज की महिला मंडल इकाई द्वारा शनिवार को गणगौर पर्व पारंपरिक रीति रिवाजों और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं और युवतियों ने विशेष उत्साह दिखाते हुए माता गौरी और भगवान शिव की विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा परिवार की सुख समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर भक्ति गीत गाते हुए शाम 5 बजे एक भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में सजीधजी गणगौर की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। बैंड ओर ढोल की धुन पर पूरा माहौल भक्तिमय हो गया, जिससे नगर में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला। इस दौरान बड़ी संख्या में अग्रवाल महिला मंडल की महिलाएं एवं युवतियां शामिल हुई। आयोजन में सामाजिक एकता और संस्कृति की झलक साफदिखाई दी।

### स्वर्णकार समाज महिला संगठन ने निकाली शोभायात्रा




**शाजापुर, 21 मार्च।** श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज महिला संगठन ने गणगौर पर्व के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली। शाम 5 बजे शुरू हुई इस यात्रा में समाज की महिलाओं और युवतियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला संगठन की नगर अध्यक्ष नीता शिवाजी सोनी ने बताया कि वरिष्ठ संरक्षकों के मार्गदर्शन में यह पर्व हर साल की तरह इस बार भी पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ मनाया गया। शोभायात्रा वजीरपुरा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। रास्ते में जगह जगह समाज के वरिष्ठजनों, नगर समिति, युवा संगठन और जिला संगठन के पदाधिकारियों ने यात्रा का आत्मीय स्वागत किया। शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई यह शोभायात्रा धान मंडी स्थित श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यहां महिलाओं ने भगवान महादेव की विशेष पूजा अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के साथ साथ परिवार की सुखए शांति और समृद्धि के लिए मंगल कामना की।

### डीपी से निकली आग की चिंगारी, प्राचीन बावड़ी में लगी आग



**शाजापुर, 21 मार्च।** जैसे जैसे गर्मी का पारा बढ़ रहा है आगजनी की घटनाओं में भी ईजाफा हो रहा है। शनिवार शाम को भी मां राजराजेश्वरी मंदिर परिसर स्थित प्राचीन बावड़ी में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। सूचना मिलने पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना शनिवार शाम करीब 5 बजे की है। जब बावड़ी के पास स्थित डीपी में अचानक आग लग गई जिसकी लपटें बावड़ी तक पहुंच गई। जिससे वहां से आग की लपटें उठने लगी। यह देख वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया। क्योंकि इन दिनों परिसर में मेला लगा हुआ है जहां बड़ी संख्या में स्थानीय व बाहर के व्यापारियों ने अपनी दुकानें लगाई हैं। यदि आग ज्यादा फैल जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। लेकिन सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। जिससे बड़ा हादसा टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई।

## 24 घंटे में मक्सी पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा

**मक्सी। हत्या के मामले में मक्सी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जानकारी अनुसार गत दिनों सूचना प्राप्त हुई कि राकेश पिता रामप्रसाद कुंभकार निवासी झोंकर रोड मक्सी की अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई है। मारपीट में आई चोटों के कारण इंदौर एमवायएच अस्पताल ईलाज के दौरान मौत भी हो गई है। सूचना पर से थाना मक्सी पर मर्ग कायम कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।**



पुलिस अधीक्षक जिला शाजापुर यशपाल सिंह राजपूत के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय जिला शाजापुर व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग शाजापुर अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस टीम का गठन कर उनि अरविंद सिंह तोमर को मय टीम को विवेचना में रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल को सील कर एफएसएल टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया। घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किए गए। घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ कर कथन लिए गए। जांच से पाया गया कि मृतक राकेश कुंभकार महावीर ब्रिक्स कंपनी झौंकर रोड मक्सी में काम करता था एवं कंपनी द्वारा दिए गए कमरे में अपनी पत्नी आरती के साथ रहता था। राकेश शराब पीता था एवं उसके पत्नी से आए दिन लडाई झगडे होते थे। जिस कारण उसकी पत्नी ने गुस्से में आकर दिनांक 18 मार्च की रात में सोते समय अपने पति राकेश के सिर में पेवर ब्लॉक और पेट में चाकू मार कर हत्या कर दी। मामले में उसकी पत्नी आरती को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा पति की हत्या करने की बात स्वीकार करने पर उसके गिरफ्तार किया गया एवं घटना में प्रयुक्त सीमेंट का पेवर ब्लॉक एवं एक चाकू जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में निरी संजय वर्मा, उनि अरविंद सिंह तोमर, उनि विजय खत्री, सउनि अभिषेक दीक्षित, सउनि संतोष रघुवंशी, सउनि नरेन्द्र बुंदेला, प्रआर राजेश जाट, प्रआर विरेन्द्र शर्मा, प्रआर हिरदेश दांगी, प्रआर किरण लक्षकार, आर जगदीश मीणा, आर राहुल जाट, आर सुरेश मालवीय एवं महिला आरक्षक ऋतु पाटीदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शहीद दिवस पर निकलेगी पदयात्रा

**शाजापुर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार और मेरा युवा भारत मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 23 मार्च शहीद दिवस के अवसर पर पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।**

मेरा युवा भारत शाजापुर के जिला युवा अधिकारी सागर वाधवानी ने बताया कि विभाग द्वारा शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जैसे युवा स्वतंत्रता सेनानियों के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए देशभर जिला स्तरीय पदयात्रा, आयोजित की जा रही है। यह पदयात्रा, मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी थीम पर आयोजित की जा रही है। पदयात्रा का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण, नागरिक जिम्मेदारी और सामुदायिक विकास में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करके स्मृति को कार्य में बदलना है। इस अवसर पर प्रत्येक जिले में जिला स्तर पर अयोजित पदयात्रा में युवाओ व स्वयंसेवको की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। यह पदयात्रा राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और जिम्मेदार नागरिकता का एक स्पष्ट आंदोलन बनेगी। इस पदयात्रा के पूर्व 19 से 23 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमो का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्रमशः 19 से 23 मार्च तक माय भारत पोर्टल पर युवा गुमनाम नायकों और स्वतंत्रता सेनानियों पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं एक युवा ऐसा भी विषय पर रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विजेताओं का चयन शीर्ष स्कोररों में से कंप्यूटर आधारित लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। जिसमें विजेता युवाओं को राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभाग करने के सुअवसर प्राप्त होंगे। 22 मार्च को श्रमदान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम किए जाएंगे।

## युवती से छेड़छाड़ का आरोप पुलिस ने किया मामला दर्ज

**शाजापुर। लालघाटी थाना क्षेत्र में एक युवती से छेड़छाड़ और नहाते समय उसकी अश्लील फोटो लेने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपी युवक के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की है।**

महिला थाने से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पंकज पिता मदनलाल बरगुंडा निवासी ग्राम गिरवर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी ने उसे नहाते समय देखने की कोशिश की, उसके साथ छेड़छाड़ की और जान से मारने की धमकी भी दी। यह घटना 19 मार्च को हुई थी। घटना के बाद युवती ने हिम्मत दिखाते हुए महिला थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। महिला थाना प्रभारी आशा सोलंकी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है, आरोपी की तलाश जारी है जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## मुस्लिम युवाओं ने लगाए नए शहरकाजी के खिलाफ नारे

### डीजे का विरोध करने पर जताई नाराजगी, पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग

**शाजापुर। नगर के कसेरा बाजार में शनिवार सुबह करीब 11 बजे नवनियुक्त शहर काजी के सम्मान समारोह के दौरान समाज के एक गुट ने विरोध किया तथा नारेबाजी की। इस दौरान कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई।**

सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची, भीड़ को तितर बितर करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेला ने पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर स्थिति को नियंत्रण में लिया।



पुलिस ने भीड़ को वहां से हटाया और समाज के वरिष्ठ लोगों ने भी समझाईश देकर मामले को शांत कराया। यह विरोध नवनियुक्त शहर काजी रहमतुल्लाह के सम्मान समारोह के दौरान हुआ था। शहर काजी मोहसिन उल्ला ने ईदगाह पर नमाज अदा करने के बाद नायब काजी रहमतुल्लाह को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर शहर काजी नियुक्त किया था।

**इसलिए किया विरोध...**

बताया जाता है कि यह विरोध एक विवाह समारोह से जुड़ा है। जहां काजी रहमतुल्लाह ने डीजे बजाने का विरोध करते हुए एक निकाह पढ़ाने से इनकार कर दिया था और वहां से चले गए थे। जिससे समाजजन नाराज हो गए थे। इसी घटना को लेकर समाज के एक गुट ने सम्मान समारोह में अपना विरोध दर्ज कराया।

**एक नजर में** | **समिति का अनुमोदन कराए बिना भोपाल भेजा शराब टेंडर**

## बिना कलेक्टर के अनुमोदन के रंगशाही ने कर दिया टेंडर लाइव

**शाजापुर। वर्तमान में शराब नीति के तहत टेंडर प्रक्रिया चल रही है। टेंडर लाइव करने के पहले जिला आबकारी समिति के अनुमोदन की जरूरत पड़ती है, जिसके अध्यक्ष के रूप में कलेक्टर होता है, लेकिन शाजापुर जिला आबकारी अधिकारी ने समिति अध्यक्ष और शाजापुर कलेक्टर के अनुमोदन के बिना ही टेंडर को लाइव कर आबकारी आयुक्त को भेज दिया। अब ऐसे में बिना अनुमोदन के टेंडर मान्य होंगे या फिर निरस्त होंगे। यह कारनामा जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही ने कर दिखाया। टेंडर लाइव करने के बाद कलेक्टर को भेजी थी फाइल। सवाल यह उठता है कि टेंडर बिना समिति के अनुमोदन से कैसे कर दिया।**




गौरतलब है कि शाजापुर जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही अपनी कार्यप्रणाली को लेकर पूरे प्रदेश में इन दिनों चर्चा में है। वे जब अलीराजपुर में थे तो शासकीय कार्य के प्रति उनकी उदासीनता और सरकारी बैठकों से गायब रहने के मामले में उन्हें निलबिंत रहना पड़ा था, वहीं शाजापुर आते ही वे जिला मुख्यालय पर ना रहकर इंदौर रहते हैं। प्रशासनिक बैठकों से दूर बनाए रखते हैं। यहां तक की मार्च के महीने में शराब टेंडर जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया चलने के बावजूद भी वे इंदौर से ही कामकाज कर रहे हैं। उनकी लापरवाही के कारण सरकार को शाजापुर जिले से राजस्व का जो नुकसान होगा उसकी भरपाई कौन करेगा। हाल ही में उन्हें प्रशासनिक लापरवाही के चलते निलबिंत किया गया था। जिस पर वे हाईकोर्ट से स्टे लेकर वापस आ गए। इसके बावजूद भी वे प्रशासनिक कामकाजों में ना रूचि ले रहे हैं और ना ही मुख्यालय पर रह रहे हैं।

### आखिर क्यों नहीं कराया समिति से अनुमोदन

शराब नीति के तहत टेंडर प्रक्रिया चल रही है। शाजापुर जिला दो सौ तैईस करोड़ का है, जिसमें अभी तक महज बीस फीसद ही टेंडर हुए हैं। अभी भी 183 करोड़ के टेंडर होना बाकी है, लेकिन अपने अडियल रवैये व प्रशासनिक कामकाज में लापरवाही बरतने के चलते उन्होंने समिति अध्यक्ष, जिला कलेक्टर से बिना अनुमोदन कराए टेंडर लाइव किए बिना भोपाल भेज दिए। आखिर उन्होंने समिति से अनुमोदन क्यों नहीं कराया। जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही के द्वारा लगातार लापरवाही, प्रशासनिक कामकाज में सुस्ती दिखाई जा रही है।

**इनका कहना है**

*शराब ठेके को लेकर रिग्रुपिंग करवाया गया है। उसका अनुमोदन प्राप्त नहीं किया गया। टेंडर सुबह 10 बजे लाईव किया गया और फाइल टेंडर लाइव के बाद भेजी गई। यह पूरी तरह अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।*

***-ऋजु बाफना, कलेक्टर, शाजापुर***

## जवाहर नवोदय विद्यालय में 6ठीं का प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित, 80 छात्रों का हुआ चयन

**शाजापुर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय अरनियाकला के प्राचार्य अशोक कुमार राजे ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाएं जो 13 दिसंबर को संपन्न हुई थी का परिणाम सीबीएसई द्वारा 17 मार्च को घोषित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य चयन सूची में कुल 80 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयन सूची की जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी सहित समस्त बीईओ एवं बीआरसी को प्रेषित की जा चुकी है। विद्यालय द्वारा चयनित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को आवश्यक प्रपत्रों एवं नामांकन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी लिखित रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। प्राचार्य राजे ने सभी चयनित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं गुरुजनों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।